उत्तरकाशी में शुरू हुआ यूटीयू का कैम्पस कॉलेज

- संस्थान के पहले नवनियुक्त निदेशक ने कार्यभार संभाला
- सत्र 2023-24 से बीटेक पाठ्यक्रम की शुरूआत

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

बौन (उत्तराकाशी) के रूप में वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) को एक और कैम्पस कालेज मिल गया है। कालेज में सत्र 2023-24 से बीटेक पाठ्यक्रम का संचालन शुरू होने जा रहा है। कालेज के प्रभारी निदेशक की जिम्मेदारी जीबीआईईटी घुड़दौड़ी में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डा.एचएस भदौरिया को दी गई है।

सोमवार को यूटीयू के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह, कुलसचिव डा.सत्येन्द्र सिंह व प्रभारी निदेशक डा.भदौरिया ने प्रौद्योगिकी संस्थान बौन (उत्तरकाशी) में निर्मित व निर्माणाधीन भवन का भौतिक निरीक्षण किया। कुलपति ने कहा कि जुलाई से कालेज भवन के निर्मित दो ब्लॉकों में बीटेक कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग में 120, बीटेक कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस एण्ड मशीन लर्निंग में 60 सीटों के साथ संचालन शुरू होना है।

एडमिशन के लिए 12 जून से ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कार्यदायी संस्था को भवन के तैयार दो ब्लॉकों के अधूरे पड़े कार्यो व क्षतिग्रस्त निर्मित कार्यो को निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत पूरा करने का निर्देश दिया। कुलपति ने नवनियुक्त निदेशक डा.एचएस भदौरिया को कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने कहा कि कालेज के निर्माणाधीन भवन में पांच ब्लॉक तैयार होने हैं जिसमें से दो ब्लॉक वर्तमान में लगभग निर्मित हैं। कुलपति ने कार्यदायी संस्था को निर्मित दो ब्लॉकों में बिजली, पानी, सीवरेज समेत सभी प्राथमिक व्यवस्था आदि का सम्पूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया।